CBSE Class – 4 Hindi

NCERT Solutions

रिमझिम पाठ- 9. स्वंत्रता की ओर

प्यारे बापू

प्रश्न- इस कहानी को पढ़कर तुम्हें बापू के बारे में कई बातें पता चली होगी| उनमे से कोई तीन बातें यहाँ लिखो|

उत्तर- 1. गाँधी जी भारत की स्वंत्रता के लिए लड़ रहे थे|

2. गाँधी जी चरखे पर खादी का सूत कातते थे|

3. गाँधी जी अन्याय का विरोध करते थे|

चूल्हा

धनी की माँ चूल्हा फूँक रही थी|

धनी की माँ खाना पकाने के लिए चूल्हे का इस्तेमाल करती थी|

नीचे कुछ चित्र बने हैं| इनके नाम पता करो और लिखो|



इनमें कौन-कौन से ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है?

तुम्हारे घर में खाना पकाने के लिए इनमें से किसका इस्तेमाल किया जाता है?

उत्तर- 1. स्टोव,

2. चूल्हा,

3. गैस-स्टोव,

4. कोयले की भट्ठी|

इनमें से नीचे लिखे ईंधनो का प्रयोग होता है-

1. स्टोव- मिट्टी का तेल

2. चूल्हा- लकड़ी

3. गैस-स्टोव- रसोई गैस

4. कोयले की भट्ठी- कोयला|

मेरे घर में खाना पकाने के लिए गैस-स्टोव का इस्तेमाल किया जाता है|

<u>कहानी से आगे</u>

प्रश्न- नीचे कहानी में आए कुछ शब्द लिखे हैं | कक्षा में चार-चार के समूह में एक - एक चीज के बारे में पता करो-

स्वतंत्रता , सत्याग्रह , खादी , चरखा

तुम इ स काम में अपने दोस्तों से , बड़ों से , शब्दकोश या पुस्तकालय से सहायता ले सकते हो | जानकारी इकट्ठा करने के बाद कक्षा में इस के बारे में बताओ|

उत्तर - *स्वतंत्रता - आजादी|

*सत्याग्रह - सत्य के लिए किया गया हठ|

*खादी - खद्दर, चरखे से बनाए गए धागे से बना मोटा कपड़ा|

*चरखा - सूत (धागा) कातने का लकड़ी का यंत्र|

नोट - इन सबके बारे में सभी बच्चे आपस में चर्चा करें और जानकारी इकट्ठा करके कक्षा में बताएँ|

<u>आगे की कहानी</u>

प्रश्न- गाँधी जी ने धनी से कहा , " क्या तुम आश्रम में ही रहकर मेरे लिए बिन्नी की देखभाल करोगे?"

धनी ने गाँधी जी की बात मान ली|

जब गाँधी जी दांडी यात्रा से लौटे होंगे , तब आश्रम में क्या-क्या हुआ होगा ? आगे की कहानी सोच कर लिखो|

उत्तर - जब गाँधी जी दांडी यात्रा से लौटे| धनी ने उन्हें माला पहनाई| तब जल्द से बिन्नी ने बकरी का दूध लाकर गाँधी जी को दिया|

गाँधी जी हँसते हुए बोले, "इतने दिन पैदल चलते-चलते मैं कमजोर हो गया था| अब मेरी ताकत फिर से लौट आएगी|"

मैं सुबह-शाम आपके लिए दूध लेकर आऊँगा| धनी ने खुश होकर कहा| सारे लोग ठहाका लगाकर हँस पड़े|

<u>कहानी से</u>

प्रश्न- (क) धनी ने गाँधीजी से सुबह के समय बात करना क्यों ठीक समझा होगा?

उत्तर- धनी ने गाँधी जी से सुबह से बात करना इसलिए ठीक समझा होगा क्योंकि गाँधी जी रोज सुबह आश्रम में पैदल घूमते थे|

(ख) धनी बिन्नी की देखभाल कैसे करता था?

उत्तर - धनी बिन्नी को हरी घास खिलाता था, बर्तन में पानी डालकर उसे पिलाता था| उसे आश्रम में चारों ओर घूमाता था|

(ग) धनी को कैसे महसूस हुआ होगा कि आश्रम में कोई योजना बनाई जा रही है?

उत्तर- आश्रम में सभी लोग किसी ख़ास चर्चा में लगे हुए थे| सभी लोग गाँधी जी के कमरे में बैठकर गंभीर बातें करते थे| इन सब बातों से धनी को यह महसूस होगा होगा कि आश्रम में कोई योजना बनाई जा रही है|

कहानी और तुम

प्रश्न- (क) धनी यात्रा पर जाने के लिए उ त्सुक क्यों था?

अगर तुम धनी की जगह होते तो क्या तुम यात्रा पर जाने की जिद करते? क्यों?

उत्तर- धनी यह जानने के लिए उत्सुक था कि यह किस तरह की यात्रा है|

अगर मैं धनी की जगह होता तो मैं यात्रा पर जाने की जिद करता क्योंकि मैं भी चाहता हूँ कि अपने देश के लिए कुछ करूँ|

(ख) गाँधी जी ने धनी को न जाने के लिए कैसे मनाया?

उत्तर- गाँधी जी ने धनी को बिन्नी की देखभाल के लिए राजी करके मनाया|

ताकत के लिए

प्रश्न- गाँधी जी ने कहा , “ जब मैं वापस आऊँगा तो मुझे खूब सारा दूध पीना पड़ेगा , जिससे कि मेरी ताकत लौट आए|

बताओ , खूब सारी ताकत और अच्छी सेहत के लिए तुम क्या - क्या खाओगे - पि ओ गे?

चटपटी अंकुरित दाल गरम समोसे

करारे गोलगप्पे कुरकुरी मक्का की रोटी

खुशबूदार दाल मसालेदार अचार

मीठा दूध रसीला आम

गर्मागर्म साग ठंडी आइसक्रीम

रंग-बिरंगी टॉफी ठंडा शरबत

उत्तर- चटपटी अंकुरित दाल, मीठा दूध, रसीला आम, गर्मागर्म साग, कुरकुरी मक्का की रोटी, खुशबूदार दाल|

विशेषता के शब्द

प्रश्न- अभी तुमने जिन खाने-पीने की चीजों के नाम पढ़े, उनकी विशेषता बता रहे हैं ये शब्द-

चटपटी , मीठा , ग र्म, ठंडा , कु र कु री आदि

नीचे लिखी चीजों की विशेषता बताने वाले शब्द सोचकर लिखो -

	हलवा		पेड़
	नमक		चीटी
	पत्थर		कुर्ता
	चश्मा		झंडा

उत्तर -

मीठा	हलवा	**घना**	पेड़
सफ़ेद	नमक	**छोटी**	चीटी

Material Downloaded From SUPERCOP

चिकना	पत्थर	**लम्बा**	कुर्ता
मोटा	चश्मा	**लाल**	झंडा

<u>चाँद की बिंदी</u>

प्रश्न- नीचे लिखे शब्दों में सही जगह पर ं या ँ लगाओ|

धुआ	**कुआ**	**फूक**	**कहा**
स्वतत्र	**बाध**	**मा**	**गाव**
बदगोभी	**इतजार**	**पसद**	

उत्तर-

धुआँ	कुआँ	फूँक	कहाँ
स्वतंत्र	बाँध	माँ	गाँव
बंदगोभी	इंतजार	पसंद	

<u>किसकी जिम्मेदारी?</u>

प्रश्न- धनी को बिन्नी की देखभाल करने की जिम्मेदारी दी गई थी|

इनकी क्या-क्या जिम्मेदारियाँ थी?

माँ

पिता

उत्तर- * माँ की जिम्मेदारी खाना पकाने की थी|

*पिता को चरखा काटकर धागा बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी|

*बिंदा को सब्जियाँ उगाने की जिम्मेदारी दी गई थी|